कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-24.08.2024

विषयः- जानलेवा हमला करने के मुकदमे मे वांछित अभियुक्ता थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-278/2024 धारा 109(1) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित नामजद अभियुक्ता को आज दिनांक-24.08.2024 को समय करीब 12.40 बजे अभियुक्ता के घर ग्राम गड़सरा थाना चोलापुर से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण-

वादी मुकदमा ने प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 20.08.2024 को समय करीब 4.30 बजे सुबह वादी की छोटी बहू को वादी के गांव की एक युवती ने धारदार चाकू से मेरी बहू के गले पर वार कर दिया, शोरगुल होने पर मेरे घर से भागने लगी तभी मेरा छोट बेटे ने युवती को पकड़ा तो मेरे बेटे पर भी चाकू से हमला की। उपरोक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना चोलापुर में मु0अ0स0 278/2024 धारा 109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री रामप्रकाश वर्मा द्वारा की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-

अभियुक्ता उम्र करीब 24 वर्ष

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-24.08.2024 को समय 12.40 बजे ग्राम गड़सरा थाना चोलापुर से।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0-278/2024 धारा 109(1) बी0एन0एस0 थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

बरामदगी का विवरण - एक अदद उस्तरा रंग नीला

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 रामप्रकाश वर्मा थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।
2. म0उ0नि0 संध्या जायसवाल थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

3. म0का0 रेखा सिंह थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी